**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**28.07.2021 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1527 का उत्तर**

**नासिक दहानू रेल लाइन का सर्वेक्षण**

**1527. श्री हेमंत तुकाराम गोडसे:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या 2010-11 में स्वीकृत नासिक-दहानू नई रेलवे लाइन का सर्वेक्षण कार्य अभी तक नहीं किया गया है;**

**(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;**

**(ग) क्या इस संबंध में रेलवे द्वारा किसी अधिकारी को जिम्मेदार ठहराया गया है; और**

**(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?**

**उत्तर**

**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) और (ख): नासिक से दहानु रोड तक नई लाइन सर्वेक्षण कार्य वर्ष 2017-18 में पहले ही पूरा कर लिया गया है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, 149 कि.मी. लंबी लाइन की लागत 1.21% की ऋणात्मक (-)प्रतिफल की दर (आरओआर) के साथ 2928.23 करोड़ रुपए आंकी गई है।**

**वित्तीय रूप से व्यवहार्य न होने के कारण इस परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया जा सका है।**

**(ग) और (घ): प्रश्न नहीं उठता क्योंकि सर्वेक्षण कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है।**

*********